THE RURAL (ELECTRIFICATION) BILL, 1993

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : महोदया, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि कृषकों को उनके कृषि संबंधी क्रियाकलापों के लिए निर्बाध विद्युत पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु एक ग्रामीण विद्युतीकरण प्राधिकरण की स्थापना और ग्रामीण भारत में प्रत्येक घर और झोंपड़ी में कम से कम "एक बत्ती" का कनेक्शन उपलब्ध कराने की तथा तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

The question was put and the motion was adopted.

श्री सुरेश पचौरी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

THE NATIONAL DRINKING WATER SCHEME BILL, 1993

SHRI SURESH PACHOURI (Madhya Pradesh) : Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the formulation of National Scheme by the Central Government to make available drinking water in every urban area and village throughout the country with special attention towards desert and drought-prone area and for matter connected therewith.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SURESH PACHOURI : Madam, I introduce the Bill.

THE MOTOR VEHICLES (AMENDMENT) BILL, 1993

SHRI SURESH PACHOURI (Madhya Pradesh) : Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill to amend the Motor vehicles Act, 1988.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SURESH PACHOURI : Madam, I introduce the Bill.

THE WOMEN AND GIRLS (PROPERTY RIGHTS) BILL, 1993

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश) : महोदया, मैं प्रस्ताव करती हूं कि महिलाओं तथा बालिकाओं के सम्पत्ति अधिकारों का संरक्षण करने और तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

The question was put and the motion was adopted.

श्रीमती वीणा वर्मा : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करती हूं ।

THE DEPUTY CHAIRMAN : Now, we will take up further consideration of the Banning of Communal Political Parties Bill,

---

THE BANNING OF COMMUNAL POLITICAL PARTIES BILL, 1993—Contd.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry) : Madam, I would like to say one word.

THE DEPUTY CHAIRMAN : On this Bill ?

SHRI V. NARAYANASAMY : Madam, we have been discussing this Bil for quite sometime now. Seventeen-eighteen speakers have participated in the discussion so far. Not only that, Madam. After the Bill was moved by my friend, Shri Ahluwalia, the Government themselves have brought forward two Bills on this subject. They have now been referred to a Joint Parliamentary Committee. My submission is that—this is my request to the hon. Minister Mr. Ahluwalia, who had moved this Bill, may be included as a member in the Joint Parliamentary Committee so that he will be able to contribute to the deliberations in the Committee also *(Interruptions)* The Committee has just been constituted. They are going to sit. Therefore, I would request the hon. Minister to see that ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : You want all the eighteen Members who participated in the discussion to be included in the Joint Parliamentary Committee ?

SHRI V. NARAYANASAMY : Only the mover of the Bill, Madam. This may be considered by the hon. Minister.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh) : Mr. Narayanasamy may also

be included because he participated in the discussion on the Bill on two days.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Madam, please allow me.

THE DEPUTY CHAIRMAN: On this?

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I am raising on a point of order I want your direction on that.

THE DEPUTY CHAIRMAN: What is it? But let me first deal with the suggestion of Mr. Narayanasamy. I think this suggestion is well noted.

SHRI V. NARAYANASAMY: The hon. Minister my consider that. *(Interruptions)* I think the House would agree. Mr. Ahluwalia has taken great pains in bringing forward this Bill. The discussion on this Bill is almost over. I feel that he would be able to contribute to the deliberations in the J. P. C. also.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAJESH PILOT): Madam, it is a good suggestion. As you know, we have representatives from every party. If the House so feels that he should be nominated to the Committee, he can be taken as a special invitee.

SHRI V. NARAYANASAMY: He should be taken as a member.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Madam, Mr. Narayanasamy is entitled to his opinion. I am aslo entitled to my opinion.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Do you want to give your opinion on the same thing?

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I am raising on a point of order. However, since Mr. Narayanasamy in his usual, dynamic, style, started asking 'why not, why not?', if you permit me, I will satisfy him first. If you do not permit me, I will not satisfy him, but go on to raise my point of order.

SHRI V. NARAYANASAMY: You satisfy the Chair, not me.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is very difficult to satisfy Mr. Narayanasamy; not possible in this House.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Then, I would take your advice and ignore satisfying my friend.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, you go on with your point of order.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: My point is this. Mr. Ahluwalia moved this Bill on 12th March, 1993. It was quite sometime back. Between 12th March, 1993, and now, many things have happened. In the meantime, the Government itself has brought forward these two Bills; the Constitution (Amendment) Bill and another Bill to amend the Representation of the People Act. These are similar in nature to what we are discussing now. These two Bills have now been referred to a Joint Parliamentary Committee. We will be discussing again what we are discussing today after the Joint Parliamentary Committee, consisting of Members of both Houses of Parliament, deliberates on the Bills and comes before the House with its report. Since the Government has taken the initiative and brought forward a similar Bill, the discussions that we are holding today are going to be quite infructuous. Therefore, Madam, I seek your direction. There is some more important business listed here. I suggest that shri Ahluwalia may take the advice of the House and withdraw the Bill. Otherwise, you may from the Chair say that the discussions are quite infructuous and that we move on to take up the next Bill which is also of Mr. Ahluwalia.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is a Private Member's Bill and it is going on since March. Shri Ahluwalia can say that enough discussion has taken place. And in the light of the Bill which the Government has introduced there is a Joint Committee of both the Houses which is going into the same if he wants to discuss this Bill or go to the other Bill, it is entirely up to him.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Madam, there is one thing. He may be allowed to withdraw the Bill. But suppose...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think this is the only forum where Members have a right to bring forward their Bills. This is the only forum where they rise above party considerations and speak openly on certain matters. This is the only forum where Members can bring certain Bills which are other than Government Bills. It is entirely up to the Members. I do not want to make a precedent so that on some other Bills some Vice-Chairman might come and say, no.

श्री शमीम हाशमी (बिहार) : मेडम, इन दोनों बिलों की आत्मा में फर्क है । वहां जो बिल आया है वह मजहब को सियासत से अलग करने का है और यह बिल जो है वह कम्युनल पार्टियों पर बैन लगाने और कम्युनलिज्म ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइये । मैं एक शेर आपको नजर करने वाला था कि :

तेरी सादगी पर कौन न मर जाये खुदा,
करते हैं कत्ल हाथ में तलवार भी नहीं ।

شری شمیم ہاشمی "بہار" میڈم۔ ان دونوں بلوں کی آتما میں فرق ہے۔ وہاں جو بل آیا ہے وہ مذہب کو سیاست سے الگ کرنے کا ہے اور یہ بل جو ہے وہ کمیونل پارٹیوں پر بین لگانے پر اور کمیونلزم ... "مداخلت"... آپ بیٹھ جائیے۔ میں ایک شعر آپکی نذر کرنے والا تھا۔

اس سادگی پہ کون نہ مر جائے اے خدا
کرتے ہیں قتل ہاتھ میں تلوار بھی نہیں

डा० जितेन्द्र कुमार जैन : शेर तो आप हर बार कहते हैं ।

श्री शमीम हाशमी : बशर्ते कि आपके दिल पर असर करे ।

दामन पे कोई चीर न खंजर पे कोई दाग,
तुम कत्ल करो हो कि करामात करो हो ।

यह तुम्हारे लिये एक शेर हमारे पास है

شری شمیم ہاشمی : بشرطیکہ آپ کے دل پر اثر کرے۔

دامن پہ کوئی چھینٹ نہ خنجر پہ کوئی داغ
تم قتل کرو ہو کہ کرامات کرو ہو

یہ تمہارے لئے ایک شعر ہمارے پاس ہے۔

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं दाद देता हूं जो उन्होंने हसीनाओं के लिये कहा हुआ शेर मुझ पर लागू कर दिया ।

श्री शमीम हाशमी : रिलीजियस कम्युनलिज्म हो सकता है, लिंग्विस्टिक कम्युनिलिज्म हो सकता है, रीजीनल कम्युनलिज्म हो सकता है, फासिस्ट कम्युनलिज्म हो सकता है । इसलिये इस बिल की आत्मा अलग है, इस बिल के बनिस्बत । यह डाक्टर साहब चीर-फाड़ वाले आदमी है । इसलिये उनके ख्यालात के अंदर जो हल्का सा फर्क है उससे उनको इसकी जानकारी नहीं है । इसलिये इस बिल को यहां चलना चाहिये ।

شری شمیم ہاشمی، ریلیجیس کمیونلزم ہو سکتا ہے۔ لنگوسٹک کمیونلزم ہو سکتا ہے۔ ریجنس کمیونلزم ہو سکتا ہے۔ فاشسٹ کمیونلزم ہو سکتا ہے۔ اس لئے اس بل کی آتما الگ ہے اس بل کی نسبت یہ ڈاکٹر صاحب چیر پھاڑ والے آدمی ہیں۔ اس لئے ان کے خیالات کے اندر جو ہلکا سا فرق ہے اس سے ان کو اس کی جانکاری نہیں ہے۔ اس لئے اس بل کو یہیں چلنا چاہیئے۔

उपसभापति : यह मिस्टर अहलुवालिया जी पर डिपेंट करता है कि वे क्या कहते हैं । यह उनका बिल है । वह जो कहेंगे वही होगा ।

श्री एस० एस० अहलुवालिया (बिहार) : महोदया, जैसा आपने फरमाया यह प्राइवेट मेंबर बिल है । जब कोई भी उस सदन का मेंबर ऐसा विधेयक पेश करता है तो पूरी तरह इस सदन के सदस्यों पर निर्भर होता है । क्योंकि ऐसा देखा गया है कि कई विधेयक ऐसे आते हैं जिन पर, जो उसे पुरःस्थापित करता है, वह बोलता है और दो-एक मेंबर और बोलते हैं और उसके बाद उस पर चर्चा नहीं होती । लेकिन यह एक ऐसा मुद्दा है जो आज के समाज में एक जलता हुआ अंगारा है जो

†[ ] Transliteration in Arabic script.

†[ ] Transliteration in Arabic script.

समाज को घुलिसात कर रहा है । इस पर 12 मार्च से चर्चा चल रही है, अभी तक चल रही है । मेरे कुछ अच्छे दोस्त इस पर अभी बोलना चाहते हैं, अपने विचार प्रकट करना चाहते है ...(व्यवधान)...इसलिये जब तक लोग अपनी बात नहीं खत्म करते हैं उससे पहले मैं अगर वापस लूं तो मैं समझता हूं कि मैं उनके प्रति अन्याय करूंगा । यह फिर वे अपना नाम विदड्रा कर लें तो यह दूसरी बात है लेकिन वापस लेना यह बिल के प्रति अन्याय करना है और बोलने वालों की भावनाओं के प्रति अन्याय करना है । अगर मेंबर अपना नाम विदड्रा कर लें तो मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है ।

SHRI JINENDRA KUMAR JAIN : Madam, we are quite opposed to the idea of Mr. Narayanasamy that he should be specially inivited to such a Joint Parliamentary Committee. Nobody can be smuggled in such Committees like this.

THE DEPUTY CHAIRMAN : That is not my look out.

श्री मूलचन्द मीणा (राजस्थान) : मैडम, इस सदन के सदस्य श्री अहलुवालिया जी ने गैर-सरकारी विधेयक रखा है—अपने राजनैतिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए धर्म का उपयोग करने वाले, अपने राजनैतिक हितों की पूर्ति के लिए वर्गीय अपील जारी करने वाले सभी राजनैतिक दल जिनके कार्यकलाप राष्ट्रीय हित के विरूद्ध है, पाबंदी लगाने व तत्संबंधी विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को विचार करने के लिए सदन के अंदर लाये हैं ।

माननीय सदस्य की अच्छी भावना थी कि आज भारत की तत्कालीन परिस्थितियां ऐसी हो गयी हैं कि जिनके कारण वे यह गैर सरकारी विधेयक लाये । सरकार भी अपनी ओर से एक विधेयक सदन के अंदर, लोकसभा के अंदर लाई ।

धर्म और राजनीति का जो संबंध है इस पर कई इधर के सदस्यों और कई उधर के—पक्ष विपक्ष के सदस्यों ने अपने विचार इस सदन के अंदर रखे है । मैं यह मानता हूं कि राजनीति से धर्म को अलग रखने के संबंध में हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि धर्म इस दुनिया में क्यों आया । धर्म कैसे पैदा हुआ ।

इस दुनिया के अंदर ईसाई धर्म को सबसे ज्यादा मानने वाले है । मैं सबसे पहले ईसाई धर्म में मानव को धर्म की आवश्यकता क्यों पड़ी इसके बारे में बताना चाहता हूं । ईसाई धर्म का धार्मिक ग्रंथ बाइबिल है । यह पवित्र ग्रंथ मानव पतन, फाल आउट आफ द मैन, नामक एक अध्याय का अध्ययन कराता है । बाइबिल में लिखा हुआ है कि जब तक मानव का पतन नहीं हुआ था तब तक मानव को धर्म की आवश्यकता नहीं पड़ी क्योंकि उस समय मानव इतना पवित्र था कि स्वयं ईश्वर आकर उसकी सेवा करता था । जैसे-जैसे मानव का पतन हुआ, धर्म पैदा हुआ ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री पी॰ नारायणसामी) पीठासीन हुए]

धर्म के इतने रूप इस दुनिया के अंदर बने, अलग अलग पंथ बने, कहीं हिंदू पंथ, कहीं मुस्लिम पंथ, कहीं जैन पंथ, कहीं बौद्ध पंथ तो कहीं ईसाई पंथ, इतने पंथ बने—वैसे धर्म का अर्थ तो होता है कि सारी मानव जाती एक धर्म के अंदर आये, लेकिन अलग-अलग पंथों ने इस संसार को कई प्रकार के रास्तों में भटकाया और उनका एक ही उद्देश्य रहा कि अशिक्षित, अविकसित मस्तिष्क के लोगों में किसी ऐसे अंधकार की, निरंकार मूर्ति की या अन्य निरंकारी भावना भरकर, ऐसी शक्ति की भावना भरकर उन्हें एक रास्ते पर, अपने रास्ते पर चलाया जाए । उसी का परिणाम है कि निरंकार, एक शक्ति की प्रदर्शनी या भावना पैदा करके आज यह महसूस करते हैं कि, लोग जो धर्म के ठेकेदार हैं, वे अपने पैर लोगों से छुवाते है । उसी का परिणाम है कि आज देश के अंदर जब सर्वे होता है तो इस देश के बुद्धिजीवी, इस देश के बुजुर्ग सांसद जो इस देश में लोकतंत्र की स्थापना चाहते है उन्हें भयंकर दुःख है इस बात का और धर्म के नाम से इतने भयभीत हैं वे लोग कि मृत्यु के बाद उन बुद्धिजीवी और बुजुर्ग सांसदों को यह भय है कि उनकी मृत्यु से इस देश का क्या होगा, क्योंकि धर्म का धंधा करने वालों ने एक अज्ञात भय मानव जाति के मस्तिष्क में भर दिया है । प्रत्येक शरीर अपने मस्तिष्क का गुलाम होता है । मस्तिष्क में भय समाया हुआ है । इसी भय के कारण मानव का मस्तिष्क, उसे धर्म का धंधा करने वाले लोगों के मुंह की ओर देखना पड़ता है ।

आज भारत का बच्चा-बच्चा भारतीय है, लेकिन भारत के अंदर धर्म के ठेकेदार धर्म का प्रचार करने वाले हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई किसी एक संप्रदाय में बांटना चाहते हैं ।

महाभारत में भी धर्म की परिभाषा की गई है । जो धर्म दूसरे धर्म का विरोध करता है, वह अधर्म है, पाप है । लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि इस देश के अंदर जब लोकतंत्र लागू हुआ, लोकतंत्रीय व्यवस्था देश के अंदर की, तो उसके अंदर कहीं धर्म का, लोकतंत्र में कहीं भी धर्म के नाम पर वोट लेने का कोई अधिकार संविधान के अंदर नहीं दिया गया था । लेकिन समझ में नहीं आता, इस देश में कुछ ऐसी पार्टिया भी बनीं, जिनका मूल उद्देश्य लोगों के सामने धर्म के नाम पर वोट लेने के सिवाए दूसरा रास्ता नहीं है । देश के विकास, देश की उन्नति, वैज्ञानिक युग में यह देश नहीं आए, पतन होता रहे इस देश का, लेकिन उनका धर्म के नाम पर जो स्वार्थ है, वह पूरे होते रहें ।

पर आज भारत के संविधान के अंदर जो व्यवस्था है, धर्म, जाति और लिंग के आधार पर कोई भेद नहीं किया जा सकता । प्रत्येक भारतीय के लिए उसको यह स्वतंत्रता है कि अपनी मन इच्छा के अनुसार किसी भी धर्म का पालन कर सकता है, करे, कहीं भी किसी प्रकार की रोक नहीं है । फिर इस देश का दुर्भाग्य है, इस देश का अहित चाहने वाले कुछ स्वार्थी तत्व, कुछ ऐसी धार्मिक जो बीमारियां है, वे इस देश के लोकतंत्र के पीछे जब से लोकतंत्र लागू हुआ है, तब से पीछे पड़ी हुई है । इस देश के 1952 के संविधान के चुनाव के बाद—हमारे सामने बैठे हुए

भारतीय जनता पार्टी के कुछ माइयों को इस बात का दर्द हो सकता है, क्योंकि इनके तो रूप बदलते रहे हैं—इनकी पार्टी के—जन संघ पार्टी इस देश के अंदर आई । इन्होंने गो-हत्या के नाम पर इस देश के लोगों में चुनाव में प्रचार किया, भावेला किया । गो-हत्या के नाम पर यहां दिल्ली में ला करके साधुओं को मरवाया लेकिन इस देश की जनता समझदार थी, इनके बहकावे में नहीं आई । उसके बाद गंगा नदी जैसे पवित्र स्थान, जो कि हिन्दुओं का पवित्र स्थान है, हिन्दू यह मानता है कि गंगा में स्नान करने के बाद मैंने जो पाप किए हैं उनसे मुझे छुटकारा मिल सकता है, उसके गंगाजल को इस देश के अन्दर बेचा गया । गंगाजल को गांव-गांव, गली-गली में घुमाकर चंदा इकट्ठा किया । क्या मज़ाक है हिन्दू धर्म के साथ, क्या हिन्दू धर्म को खिलौना समझ रखा है ? अधर्म, असत्य बात जो ये करते हैं वह तो धार्मिक बात बनाते हैं, लेकिन इनके दिल से टटोलो कि ये हिन्दू धर्म की वास्तविकता को मिटाना चाहते हैं । हिन्दू धर्म की विशेषता को मिटाना चाहते हैं । इस भारत की संस्कृति को मिटाना चाहते हैं । भारत का इतिहास है कि भारत के ऊपर जब भी किसी ने बाहर से आकर शासन किया है तो वह अपने धर्म का प्रचार नहीं कर सका, बल्कि भारत की संस्कृति और हिन्दू धर्म की यह विशेषता रही है कि उसको अपने में मिला लिया । दूसरी बाहर से आने वाली शक्तियां कभी हिन्दू धर्म को मिटा नहीं सकीं, भारत की संस्कृति को मिटा नहीं सकीं, लेकिन आज खतरा है भारत के अन्दर हिन्दू धर्म को जो इस देश के अन्दर बैठ कर हिन्दू धर्म की बात करते हैं, उनसे हिन्दू धर्म को खतरा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, उसके बाद 1985 के चुनाव के अंदर ईंट पूजा, 1985 के चुनाव के बाद ईंट की पूजा गांव-गांव लेकर गए । ये सारे काम सामने बैठे हुए भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने किए हैं । गांव-गांव में ईंट पर भेंट चढ़वाई और लाखों रूपये लोगों से चंदे के रूप में लिए । पता नहीं उन ईंटों का क्या हुआ ? गांवों के लोग इनके सिरों पर रखी ईंटों को पूज रहे थे, आरतियां उतार रहे थे, तब भी इनकी पार इस देश की जनता के सामने नहीं चल सकी । फिर इनकी पार्टी के नेता श्री लाल कृष्ण आडवाणी सभ्यक्ष बन गए और सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा की बात आई इनको कि लोगों को कैसे बाद में हिन्दू-मुसलमान का झगड़ा इस देश के अन्दर कराया जाए । इस देश के विकास को रोका जाए । इस देश की जो मान-मर्यादा जो दूसरे देशों के अन्दर है उसको मिटाया जाए । इनका एक ही लक्ष्य रहा कि कैसे भी इस देश की सत्ता हो । आडवाणी जी ने रथ यात्रा चालू की । एक बात और मैंने और इस सदन के लोगों ने भी देखी होगी कि रथयात्रा निकले, आडवाणी जी राम बन जाएं, इससे बड़ा दुर्भाग्य हिन्दुओं का और कोई नहीं है कि आडवाणी जी राम बने । कमाल का इनका जो चुनाव चिन्ह है वह रथ के अन्दर है । उसके ऊपर एम जी की फोटो और आरती लोग दीपक-थी, दीपक से तो सब उतारते हैं, लेकिन गुजरात के अन्दर, जहां अहिंसावादी महात्मा गांधी का जन्म हुआ, उस प्रांत के अन्दर खूनों से आरती उतारी जाए । इन लोगों का क्या उद्देश्य था और भारत की जनता से क्या चाहते थे ? ये केवल खून की होली इस देश के लोगों के साथ खेलना चाहते थे और इन्होंने होली खेली । अब तक अयोध्या की यात्रा के बाद सांप्रदायिक दंगों के अन्दर इन लोगों ने दस हजार, बीस हजार, के करीब लोगों की हत्याएं करवा दीं । इतनी हत्याओं का कौन जिम्मेदार है इस देश में ?

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : आप हैं ।

श्री मूलचन्द मीणा : इस देश में जो जितनी ज्यादा हत्या कराता है, वह नेता होता है बी० जे० पी० का ।

श्री संघ प्रिय गौतम : आपकी पार्टी का ।

श्री मूलचन्द मीणा : *

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM : Why is he talking irrelevant things ?

श्री मूलचन्द मीणा : सबसे ज्यादा हत्यारा बी० जे० पी० का नेता है । शर्म करिए कम-से-कम, जिनके बच्चे मर गए, जिनकी गोदें उजड़ गयीं, जिन बहनों के चूड़े टूट गए, उनसे जाकर पूछिए गौतम जी कि हत्यारों का क्या होगा ? यहां कुछ होनेवाला नहीं है, लेकिन ईश्वर है, उसका परिणाम आप लोगों को देखना पड़ेगा । ईश्वर परिणाम देगा आपको । लोग आपके भुलावे में तो आ सकते हैं, लेकिन पापी के पाप का घड़ा जब तक नहीं भरता तब तक वह गुलछर्रे उड़ाता है, लेकिन पाप का घड़ा तो फूटता ही है एक दिन । याद रखिए आपके पाप का घड़ा भर चुका है और वह आनेवाले समय में फूटेगा । मान्यवर, मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं जो धर्म और राजनीति के मेल की बात करते हैं, इसमें क्या उद्देश्य है आप लोगों का ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Meenaji, try to conclude.

श्री मूलचन्द मीणा : मान्यवर, धर्म की राजनीति जब चलती है तो मानव-जाति बर्बाद हो जाती है हम इतिहास का स्मरण करें, धर्म की राजनीति में मानव परमात्मा का नाम लेकर मानव को कत्ल करता है । एक अदृश्य और अज्ञात का सहारा लेकर वह चिल्लाता है—"अल्लाहो अकबर" "जय बजरंग बली" "हर-हर महादेव" और "जय-सियाराम"— यह सब कहकर आदमी को अंधा बना दिया जाता है और तब वह ये नारे लगाता है । आज भारतीय जनता पार्टी के लोग वही काम कर रहे हैं । वे "जय सियाराम" का नारा लगाते हैं और धर्म के नाम पर खून की नदियां बहाते हैं । वे मानव की मानसिक कमजोरी का लाभ उठाना चाहते हैं । उसे इस तरह बहकाते हैं कि मरना तो एक दिन है ही लेकिन धर्म के नाम पर मरो, लेकिन वे भूल जाते हैं कि लोकतंत्र के अंदर ऐसी व्यवस्था नहीं है । लोग उनके बहकावे में आकर एक-दूसरे का खून कर देते हैं, लेकिन भारत के संविधान के अंदर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है । वे इस तरह संविधान का मखौल उड़ाते हैं । उपाध्यक्ष महोदय, मैं भारतीय जनता पार्टी के लोगों से इस बात को पूछना चाहता हूं कि क्या 6

*Expunged as ordered by the Chair.

दिसम्बर की घटना इस देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए की गयी या इस देश के संविधान की रक्षा के लिए की गयी, क्या इस देश के न्यायालय की इज्जत करने के लिए की गयी थी ? दुर्भाग्य है इस देश का कि यहां ऐसी-ऐसी राजनीतिक पार्टियां हैं जोकि वोट के लिए धर्म का प्रयोग करती हैं । उपाध्यक्ष महोदय, अगर इन पार्टियों पर पाबन्दी नहीं लगायी जाती है तो फिर भारत का लोकतंत्र नहीं रहेगा और लोग इस विशाल लोकतांत्रिक देश का नाम भूल जाएंगे । मान्यवर, 6 दिसम्बर, की घटना इस देश के संविधान का उल्लंघन, न्यायालय का उल्लंघन, संसद का उल्लंघन, इस देश की मान-मर्यादा का उल्लंघन और देश की धर्म-निरपेक्षता पर हमला था । लेकिन फिर भी इस देश के लाखों लोगों ने, करोड़ों लोगों ने देश की आजादी के लिए अपने आपको न्यौछावर किया, आजादी की लड़ाई उन्होंने लड़ी । अगर उनके बलिदान को देखें तो उन्होंने निस्वार्थ होकर इस देश को आजादी दिलाई और इस देश में लोकतंत्र की व्यवस्था कराई । आज स्वार्थी लोग इस देश के टुकड़े करना चाहते हैं । आपने देखा है 1947 का एक टुकड़ा । उस समय घरों को जलाया गया, बहनों की इज्जतों को लूटा गया, एक दूसरे का कत्लेआम किया गया । अब अगला बंटवारा, तो क्या होगा इसका परिणाम ? आज मुरली मनोहर जोशी, जी तो यहां हैं नहीं, मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं कि वो दिन पहले उन्होंने एक स्टेटमेंट दिया कि यदि हम सत्ता में आए तो धर्म-निरपेक्ष राज करेंगे । भूल गए वह हिन्दु-राज की बात । .....(व्यवधान).....

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : वह पहले भी नहीं चाहते थे, श्रीमान् । आप अपनी याददास्त को कुरेद लीजिए, कभी भी भारतीय जनता पार्टी ने धार्मिक राज की स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया है । यह आपकी जानकारी गलत है । .....(व्यवधान).....

श्री मूलचन्द मीणा : ठीक है, मैं कहता हूं, अच्छा किया आपने प्रस्ताव नहीं किया । और, आगे भी आप ऐसी बात न रखें तो ठीक है । लेकिन, यह "हरहर महादेव", "जय सियाराम" यह नारे क्यों दिए हैं ? राम तो सारे हिन्दुओं का है । कोई आप ठेकेदार नहीं हो राम के ? मर्यादा पुरूषोत्तम थे वह तो । आप उनकी मर्यादाओं को भंग क्यों कर रहे हो ? मैं यह पूछना चाहता हूं ।

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : आप भी जय बोलकर काम चलाइए । आपको जय बोलने से किसी ने रोका नहीं है । .....(व्यवधान).....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly do not interrupt him.

श्री मूलचन्द मीणा : जहां हमें दुखदर्द होता है वहां तो रामजी का नाम हम भी लेते हैं । सबसे बड़े रामभक्त तो थे हमारे महात्मा गांधी, जिन्होंने मरते समय भी "हे राम" "हे राम" कहा था । .....(व्यवधान).....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Meenaji, you have to conclude now.

श्री मूलचन्द मीणा : राम के सच्चे भक्त की हत्या करने वाले लोग आज राम के भक्त बने हैं, समझ में नहीं आता ।

उपाध्यक्ष जी, आप भी जल्दी कर रहे हैं । मैं कोशिश कर रहा हूं, जितना शॉर्ट हो जाए, ठीक है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): You cannot just try your best. You have to conclude now. Try to conclude now. There are so many speakers. I have to call other Members also.

श्री मूलचन्द मीणा : ठीक है, तो फिर मैं बैठ जाता हूं ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No. You have to be brief and conclude.

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : मीणा जी, कृपया धर्म के नाम पर असत्य वर्णन मत कीजिए । अभी आपने महात्मा गांधी की हत्या का आरोप लगाया, लेकिन आपने कपूर कमीशन की रिपोर्ट को पढ़ा होगा । यहां सरकार बैठी है । आप कृपया असत्य वर्णन यहां मत कीजिए । .....(व्यवधान).....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly take your seat, Mr. Gupta. Please do not interrupt him.

श्री मूलचन्द मीणा : मैं राम की बात कर रहा हूं, आपने हर्षद की बात कही ।

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : मैं हर्षद की नहीं, कपूर कमीशन की बात कर रहा हूं । आपने रिपोर्ट पढ़ी होगी । जब आप आरोप लगाते हैं कि महात्मा गांधी की हत्या भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने की .....(व्यवधान).....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Gupta, do not interrupt him. Please take your seat.

श्री मूलचन्द मीणा : गुप्ता जी, मैंने यह नहीं कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने महात्मा गांधी की हत्या की । मैंने कहा था कि जिन लोगों ने महात्मा गांधी की हत्या की थी, वह आज धर्म के ठेकेदार बनते हैं । जो आर० एस० एस० के लोग, नाथूराम गोडसे क्या आर० एस० एस० का नहीं था ?

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : नहीं था । यह कपूर कमीशन की रिपोर्ट पढ़ लीजिए । इसी के आधार पर बेन खतम हो गया, रिजेक्ट हो गया, आर० एस० एस० से प्रतिबंध हट गया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Gupta, I have told you two or three times already. Please do not interrupt him.

श्री मूलचन्द मीणा : आपके चरित्र की तो इससे ही बात की जा सकती है । अयोध्या के अन्दर मस्जिद को तोड़ दिया, मस्जिद के ढांचे को तोड़ दिया और भारतीय जनता पार्टी के नेता कहते हैं कि हमारे लोगों ने नहीं तोड़ा । आप कर्म करते हैं और उससे मुकर जाते हैं । आपका नाथूराम गोडसे भी आर० एस० एस० का नहीं रहा और कल जाकर अडवाणी जी भी नहीं रहेंगे इनके । इसलिए इस देश की भौगोलिक स्थिति, इस देश की वर्ण व्यवस्थाओं, इस देश की जाति और धर्म के आधार पर यदि हम राजनीति करने चले तो इस देश के टुकड़े टुकड़े हो जाएंगे । इस देश के अंदर कई धर्मों के लोग, कई जातियों के लोग, कई भाषाओं के लोग हैं । एक-एक कोस पर तो इस देश की वेषभूषाएं बदलती हैं, भाषाएं बदलती हैं । यदि आज हम इसको लेकर चलें तो देश के टुकड़े हो सकते हैं ।

इसलिए अहलुवालिया जी जो प्रस्ताव लाए हैं, यह अच्छा प्रस्ताव है, देश के लोकतंत्र की इससे रक्षा होगी । यदि राजनीति को धर्म से दूर किया, राजनीति से धर्म को हटा दिया तो सामने बैठे हुए लोग, जो 1985 में केवल दो आए थे, उसी प्रकार से वे एक-दो ही दिखाई देंगे और उससे ज्यादा नहीं दिखाई देने वाले हैं । इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : उपसभाध्यक्ष महोदय, हम लोग इस सदन के सदस्य अहलुवालिया जी के गैर-सरकारी बिल पर चर्चा कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि किसी सदस्य की भावनाएं अच्छी हो सकती हैं, मैं किसी की भावनाओं को चोट नहीं पहुंचाना चाहता, न उनके प्रति कोई अविश्वास व्यक्त करना चाहता हूं, लेकिन श्री अहलुवालिया जी जिस उद्देश्य से इस बिल को लाए हैं, वह उद्देश्य ठीक नहीं है, उसके पीछे नीयत भी ठीक नहीं दिखाई देती । फिर मैं यदि और विस्तार में जाऊं तो मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि किन शब्दों का यहां प्रयोग किया गया है—साम्प्रदायिक राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध । उपसभाध्यक्ष महोदय, मुख्य प्रश्न यह है कि साम्प्रदायिकता है क्या ? पहले कृपा करके यह तय कर लीजिए और ऐसा नहीं हो सकता कि आप केरल में मुस्लिम लीग से सांठ-गांठ करें और अपने आपको दूध का धुला सिद्ध करें । यह समझ लीजिए आप, यह दुधारी तलवार है । इसलिए सबसे पहले जब माननीय सदस्य यह बिल लाए हैं, ज्यादा अच्छा होता कि वे इसपर और गंभीरता से विचार करते । जहां तक साम्प्रदायिकता का सवाल है, भारतीय जनता पार्टी साम्प्रदायिकता की सदैव विरोधी रही है, राजनीति में मज़हब की विरोधी रही है, मज़हब के आधार पर शासन करने की वह सदैव विरोधी रही है । लेकिन धर्म अलग चीज है, मज़हब अलग चीज है, यह अच्छी तरह समझ लीजिए और इसके कारण जो आप कन्फ्यूजन पैदा कर रहे हैं और सारा दोष भारतीय जनता पार्टी या अन्य राष्ट्रवादी ताकतों पर मढ़ रहे हैं, इसका कोई नतीजा निकलने वाला नहीं है ।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो बिल है, यह निरर्थक है, इससे किसी उद्देश्य की पूर्ति होने वाली नहीं है । इसकी वजह यह है कि साम्प्रदायिकता की व्याख्या आप जब तक तय नहीं करते, तब तक यह किसी पर लागू नहीं हो सकता । हर कोई कहता है कि मैं भी साम्प्रदायिकता विरोधी हूं, मैं भी साम्प्रदायिक ताकतों का विरोधी हूं—भारतीय जनता पार्टी भी कहती है, कांग्रेस भी यही कह रही है, सवाल है उनके आचरण का और जब आचरण का प्रश्न आता है, वहीं पर फैसला होगा । यह माननीय अहलुवालिया जी के प्रस्ताव से हल नहीं होगा । मैं इसका उदाहरण इसलिए देना चाहता हूं कि आर० एस० एस० तो आपकी निगाह में बहुत ज्यादा साम्प्रदायिक पार्टी है, आप रोज उन्हें गालियां देते हैं । दिन-रात यह धंधा बना रखा है आप लोगों ने, जो कुछ है, यह आर० एस० एस० गड़बड़ कर रही है । मैं पहली बात पूछना चाहता हूं कि अगर आर० एस० एस० घोर साम्प्रदायिक पार्टी है तो इस पर दो बार प्रतिबंध लगाकर क्यों हटाया गया और तीसरी बार भी प्रतिबंध कोर्ट ने क्यों हटाया ? आप अच्छी तरह से समझ लीजिए कि यह हाउस बड़ा नहीं है, देश की कोर्ट बड़ी है और उससे भी बड़ा देश है । गृह राज्य मंत्री जी बैठे हुए हैं, मैं पूछना चाहता हूं बहुत नेक इरादे से, आपके भी इरादे कितने नेक हैं, कृपया आपको सब बात की अनुमति नहीं दी जा सकती । जब आपने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर प्रतिबंध लगाया तो उसका नतीजा क्या हुआ ? कोर्ट ने आपके फैसले को रद्द कर दिया । बहुत बड़ी चपत मारी । जब इरादे गंदे हैं, जब शासन चलाने के इरादे ठीक नहीं है और यह संविधान के मौलिक अधिकारों के विपरीत है । संगठन बनाना लोगों का अधिकार है । सवाल है उनके आचरण का, जैसा इसमें भी कहा है । बहुत अच्छी बात कही गई है । लेकिन आचरण का ही सवाल है कि जिनकी गतिविधियां राष्ट्र हित विरोधी हों । अब अगर आर० एस० एस० की गतिविधियां राष्ट्र हित विरोधी थी तो प्रतिबंध क्यों हटाया गया ? श्रीमान जी, यहां पर बहुमत से भी बिल पास करने से कोई नतीजा नहीं होगा । मैं जानता हूं कि आप चाहें तो बिल पास करा सकते हैं, हो सकता है । सवाल यह है कि इसका फैसला जनता को करने दीजिए । इसका फैसला कोर्ट को करने दीजिए और पहले ही अपने संविधान में बहुत सारी व्यवस्थाएं हैं । मैंने देखा कि गऊ वध के नाम पर जहां वोट मांगे गए, याचिकाओं में उनके चुनाव रद्द कर दिए गए । जॉलरेडी कोर्ट है और वह सबके बयान लेकर फैसला करेगी कि किसी का कोई कदम साम्प्रदायिक था या नहीं था । इसलिए इस प्रकार के बिल रखने का कोई फायदा नहीं । हां, बहस जरूर कीजिए, बहस से भी कई बातों का लाभ होगा । लेकिन इसको एकमुश्त पास नहीं किया जा सकता । साम्प्रदायिकता क्या है, अगर एक बार इसको तय कर दें और यह किन-किन पर लागू हो सकता है, नहीं हो सकता है, यह देख लें और इसीलिए जहां तक पार्टियों का सवाल है, हम पर तो हमले होते ही रहे हैं और हर बात का हमला । आपको सीखने के लिए यह काफी है कि तीन बार आपको राष्ट्रीय

स्वयं संघ से प्रतिबंध हटाना पड़ा । यह कहना बहुत काफी है, इससे आपने क्या सबक सीखा ? अगर वह साम्प्रदायिक पार्टी थी, उसी ने ही सब दंगे कराए, उसी ने ही खून-खच्चर कराया तो 1947 के दंगे किसने करवाए ? देश का विभाजन किसने करवाया ? क्या आप इसका विचार नहीं कर सके ? इसलिए गलत तो गलत है, चाहे किसी के भी खिलाफ हो । लेकिन राष्ट्रीय स्वयं-सेवक संघ निर्दोष था, यह कोर्ट ने सिद्ध कर दिया । उनकी कोई गतिविधियां साम्प्रदायिक नहीं हैं, यह कोर्ट ने सिद्ध किया हुआ है । अब आपका क्या कहना है, मैं पूछना चाहता हूं आज जब कोई गुंजाइश नहीं है . . .

श्री शाहीद हाशमी : आप जो सवाल पूछ रहे हैं, मैं उस पर एक शेर पढ़े देता हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Hashmi, you go to your seat first.

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : अब आपके शेर बहुत हो चुके हैं, कृपया मुझे बोलने दीजिए ।

श्री शाहीद हाशमी : मैं एक शेर सुना रहा हूं :

"बने हैं अहले हवस मुद्दई भी, मुंसिफ भी,
किसे.....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Hashmi, you go to your seat.

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : मेरा समय यह न लें ले ज्यादा अच्छा है । मैं निवेदन यह कर रहा था कि जहां तक इस बात की भावना का सवाल है, उसका विरोध तो नहीं है लेकिन उद्देश्य इसका जरूर गलत है और मैं समझता हूं कि अगर सरकार शोक गंभीर है तो एक बार हमेशा के लिए यह तय हो जाना चाहिए कि आखिर, साम्प्रदायिकता है क्या ? यह नहीं हो सकता कि हमारे लिए अलग और आपके लिए अलग । जब केरल की मुस्लिम लीग से आपने समझौता किया तब स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि वहां की मुस्लिम लीग पुरानी मुस्लिम लीग से अलग है । तो यह कोई फर्क नहीं हो सकता कि जो सुविधाजनक तर्क है वह आपके लिए हो । अगर आप साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफ बोलना चाहते हैं तो मुस्लिम लीग या जिनके पंथ के नाम पर नाम रखे गए हैं—जाति विशेष पर, अब भारतीय जनता पार्टी में तो कहीं भी पंथ पर नाम नहीं है । हम तो भारतीय जनसंघ थे तब भी कुछ नहीं और अब हम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ थे और अब हैं तो भी उसमें कुछ नहीं है । यहां तो अब अकाली दलों के नाम पर राजनीति चलाई गई, मुस्लिम लीग के नाम पर चल रही है । लेकिन हमने तो वैचारिक आधार पर उसका विरोध करने का तय किया है । हम उन पर भी प्रतिबंध लगाने के विरोधी नहीं हैं । मैं अपनी पार्टी की ओर से यह साफ कहना चाहता हूं । हम उनको भी मौका देना चाहते हैं । लेकिन जनता फैसला करेगी कि कौन सी पार्टी साम्प्रदायिक है और कौन सी नहीं है और अगर जनता के मोलेपन से वह फैसला न कर पाए तो कोर्ट फैसला करेगी । लेकिन इस तरह के बिल पास करने का कोई लाभ नहीं होगा । यह निरर्थक है । इसलिए मैं अब अपना भाषण समाप्त करना चाहता हूं । साम्प्रदायिकता की परिभाषा हमेशा के लिए तय हो जानी चाहिए । जहां तक धर्म और मज़हब का सवाल है, दोनों अलग-अलग चीजें हैं, जिसको लेकर आप गालियां देना चाहते हैं । गांधी जी ने रामराज्य की बात कही, क्यों ? राम अगर आपके लिए धार्मिक है तो रामराज्य की कल्पना कैसे कर सकते हैं लेकिन पीछे गांधी जी का उद्देश्य यह कभी नहीं था । जो उदात्त भावना है, वह हमारे धर्म से मिलती है, धर्म कोई बुरी चीज नहीं है लेकिन पंथ का राजनैतिक उपयोग बुरा है, मजहबी आधार पर वोट मांगना बुरा है, उस पर राजनीति करना बुरा है लेकिन धर्म कभी बुरा नहीं है । धर्म से ही हम आज तक बचे हुए हैं । धर्म क्या कहता है, आत्मा क्या कहती है, उसके मुताबिक आप चलते हैं । धर्म तो अपनी जगह पर ठीक है लेकिन मजहब और पंथ के नारे देकर जो राजनीति कर रहे हैं, वोट मांग रहे हैं, वह गलत हो जाते हैं ।

मिजोरम के अंदर जब आप क्रिश्चियन राज का अपने मेनीफैस्टो में जिक्र करते हैं, तब आपकी कांग्रेस पार्टी को शर्म नहीं आती है और जब उसका विरोध होता है तो कहते हैं कि गलती से हमने रख दिया है लेकिन सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस जो तरीके अपना रही है, मैं समझता हूं कि उनके इरादे कभी कामयाब नहीं होंगे । हम तो इस बात के समर्थक हैं कि सारे देश में सब पार्टियां चलें, जिनको चलना है चलती जाएं और अगर वह गलती करती हैं तो जनता फैसला कर देगी । वे वैचारिक लड़ाई लड़ें । यहां बहुमत के आधार पर बिल पास करने का कोई नतीजा नहीं होगा ।

मैं चाहता हूं कि ये पार्टियां वैचारिक आधार पर अपनी लड़ाई लड़ें, नहीं तो कोर्ट में जाकर अपना फैसला कराएं । यह जो बिल है, मैं समझता हूं कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है, इसको वापस लिया जाए, यह मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Shri Iqbal Singh. Not here. Shri S. P. Mishra. Not here. Shri Obaidullah Khan Azmi.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (उत्तर प्रदेश) : शुक्रिया जनाब । इस वक्त हाऊस में श्री अहलुवालिया जी के प्राइवेट मेंबर बिल पर जिसका उन्वान है कि फिरकापरस्त सियासी पार्टियों पर पाबंदी लगाई जाए, इस पर बड़ी लंबी-चौड़ी तकरीरें हुई हैं और मार्च के महीने से अब तक इसी मौजू पर मार्च हो रहा है । यह मौजू, यह सब्जैक्ट यकीनन बहुत गंभीर है, बहुत नाजुक है और पार्लियामेंट में मुंसिफसाना तौर पर अगर इस मौजू पर गुफ्तगू करने के लिए दिल के दरीचे खोल दिए जाएं, अंधेरे को मिटाने के लिए, रोशनी हासिल करने के लिए,

दीन-धर्म जो सही मायनों में फिरकापरस्ती को मिटाने की चीज है, उसको समझकर, उसके पालन की राह पर चलने के लिए इस पार्लियामेंट में हमारा हर मेंबर चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, इसी तरह हलफ उठाए जिस तरह से पार्लियामेंट के मेंबर की हैसियत से मुल्क की गरिमा को बचाने के लिए आते ही इस हाउस में हलफ उठाई जाती है, तो यह बड़ी मुनासिब बात होगी ।

महोदय, जिस धर्म और मजहब के नाम पर हिंदुस्तान के लोग आज कौमी यकजहती का नारा लगाने के बजाय जात-पात और फिरकापरस्ती के नारों में उलझकर रह गए हैं, यह केवल कौमों और मजहबों पर अमल करने वाले लोगों के लिए नुकसान की बात नहीं है बल्कि यह इस मुल्क की उस परंपरा और तहज़ीब के लिए भी नुकसानदेह है जिसके तहत आज इस हाउस में एक बिल प्राइवेट मेंबर बिल की हैसियत से अहलूवालिया जी की तरफ से आया है और एक बिल गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का मजहब और सियासत को अलग-अलग करने के लिए आ रहा है ।

तो मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि फिरकापरस्ती क्या है ? फिरकापरस्ती के लिए बहुत संजीदगी के साथ चलने की जरूरत है । अपने-अपने स्वार्थ को हासिल करने के लिए किसी दूसरे को फिरकापरस्त कहना, यह बजाते खुद फिरकापरस्ती है । फिरकापरस्ती के मीनिंग को आप तय कीजिए । फिरकापरस्ती की तारीफ क्या है, इस पर ईमानदारी के साथ चर्चा होनी चाहिए । हम अगर अपनी-अपनी पार्टी का प्यू सामने रखकर हाउस में कभी इस तरह की कोई बात करेंगे तो यह बजाते खुद एक फिरकापरस्ती होगी ।

4.00 P. M.

हम यह अर्ज करना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान की धरती पर बसने वाले लोग हिन्दुस्तानी हैं इन हिन्दुस्तानियों में कुछ मुसलमान हैं, कुछ हिन्दू हैं, कुछ सिख हैं, कुछ बौद्ध हैं, कुछ जैन हैं और इसी तरह से कुछ पारसी हैं, कुछ ईसाई हैं, मुख्तलिफ मजाहिब को हिन्दुस्तानियों ने तसलीम किया तो ये मजाहिब के लिए तसलीम किये गये हैं क्या फिरकापरस्ती को बढ़ावा देने के लिए ? इन मजाहिब को तसलीम करने का क्या मतलब ? फिरकापरस्ती पर चर्चा करने से पहले उन मजाहिब की तारीख को भी समझना होगा जिन मजाहिब को मानकर लोग जात-पात, बिरादरी और फिरकापरस्ती में अपने आपको तबदील कर देते हैं ।

[उपसभाध्यक्ष (सैयद सिब्ते रज़ी) पीठासीन हुए]

इसलिए कि ऊंच-नीच, छुआछूत ये सब कहीं न कहीं मजहब का एक अंग बन गये हैं । धर्म की एक तस्वीर बन गई है । लोगों को एक्सप्लायट करने का एक जरिया बन गया । इसलिए लफ्ज फिरकापरस्ती जो है यह बहुत अहम है समझने और समझाने के लिए ।

मजहब का जहांतक सवाल है धर्म और मजहब की परिभाषा की व्याख्या कर रहे थे हमारे मोहतरिम दोस्त । हम जिस प्यू और जिस नुक्ते नज़र से इस बात को कह रहे थे वह नुक्ते नज़र यकीनन बड़ा खूबसूरत और बेहतर था । मगर मैं यह कहना चाहूंगा कि मजहब जैसा कि उन्होंने कहा पंथ गड़बड़ है मैं इस बात से इख्तलाफ करता हूं । पंथ भी गड़बड़ नहीं, मजहब भी गड़बड़ नहीं । पंथ के नाम पर सियासी फायदा उठाने वाले गड़बड़ हैं । मजहब के नाम पर सियासी फायदा उठाकर फिरकापरस्ती को पैदा करने वाले गड़बड़ हैं । कोई भी मजहब क्या इंसानों का सिर काटने की बात सिखलाता है ? कोई भी धर्म क्या मानवता का हनन करने की बात सिखलाता है ? कोई भी मजहब क्या फिरकापरस्ती कबूल करने की गुंजाइश अपने अंदर रखता है ? किसी भी धर्म में पूर्वजों के खिलाफ अगर किसी को उकसाया जाता है तो मैं सफाई के साथ पार्लियामेंट में कहना चाहता हूं यह सब कुछ हो सकता है लेकिन धर्म नहीं हो सकता । कोई भी मजहब अगर किसी भी मजहब के बुजुर्गों, पूर्वजों के खिलाफ नफरत के जजबात का इज़हार करना सिखलाता है अपने लोगों को तो यह सब कुछ हो सकता है मगर मजहब नहीं हो सकता । इकबाल ने तो बहुत पहले कह दिया था :

> मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना,
> हिन्दी हैं हम वतन है हिन्दुस्तां हमारा ।

इसलिए फिरकापरस्ती की तह में घुसकर इस फिरकापरस्ती को समझना होगा । फिरकापरस्ती किन बातों को कहा जाता है ? आज अगर हम मुसलमान के हकूक के लिए पार्लियामेंट में आवाज उठायें, मिसाल के तौर पर अगर हम यह कह दें कि बाबरी मस्जिद टूटी और तोड़ने वालों ने मुसलमानों के हकूक को तबाह और बर्बाद कर दिया, मिसाल के तौर पर हम यह कह दें कि मुसलमान का हक नहीं दिया गया, 1947 से लेकर आजतक, जितने भी अपने आपको सेक्यूलर कहने वाले या नान-सेक्यूलर जमाते हैं इन तमाम लोगों ने देश भर के मुसलमानों से वोट मांगे और इस हाउस में आने के बाद उनके मसाइल की वकालत कभी नहीं की—उनकी तालीम के अंदर, उनको आगे बढ़ाने के लिए, सर्विसेज में उनको आगे ले जाने के लिए, उनका रिजर्वेशन दिलाने के लिए उनके पर्सेन्टेज के बुनियाद पर, इस मुल्क में उनके जानमाल के तहफ्फुज के साथ-साथ उनके विकास के जरिये—बरूयेकार लाने के लिए किसी पार्टी ने काम नहीं किया, अगर हम यह बात कहते हैं तो हमें तो इस बात के लिए कहीं न कहीं फिरकापरस्ती भी कहा जाता है । कहीं न कहीं जाकर यह कहा जाता है कि सिर्फ मुसलमानों के मामले में बोलते हैं । कहीं न कहीं जाकर यह कहा जाता है कि जब देखो तब मुसलमान समुदाय की बात कही जाती है । हम कहते हैं दस्तूरे हिन्द ने हर उस समुदाय के उत्थान की बात को तय कर दिया है जो समुदाय इस मुल्क में एक्सप्लायटेशन का शिकार है । जो समुदाय की जिहालत और गुरबत के माहौल से गुजारने की बात करता है अगर उसके लिए अकीदा तेवर और तेवर के साथ कोई बात पार्लियामेंट में कही जाती है और मुल्क के किसी हिस्से में कहा जाता है, रेडियो और दूरदर्शन पर कहा जाता है, अखबारात में बयान दिया जाता है तो इसका नाम फिरकापरस्ती नहीं है,

जिहालत की इंतहा यह हो चुकी है कि मजदूर और मजबूर बेकस और मफ्लूक कौमों के हकूक के लिए अगर आवाज उठाई जाए तो इसका भी नाम फिरकापरस्ती रख दिया गया है । अगर किसी कौम पर जुल्म हो रहा है तो उस जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई जाए तो इसके नाम भी फिरकापरस्ती रख दिया गया है । अगर मस्जिद तोड़ी गई है, मस्जिद का स्ट्रक्चर पामाल हुआ है उसके खिलाफ बोला जाए तो उसका भी नाम फिरकापरस्ती रखा गया है । आज अगर मन्दिरों को तोड़ा गया है और उसके खिलाफ बोला जाए तो उसका नाम भी फिरकापरस्ती रख दिया गया है । यह मेरी समझ में बात नहीं आती । मस्जिद तोड़ने का नाम भी फिरकापरस्ती और मस्जिद जोड़ने का नाम भी फिरकापरस्ती और हकूक के मांगने का नाम भी फिरकापरस्ती हो गया है । हनन करने का नाम भी फिरकापरस्ती । आखिर मेरी समझ में बात नहीं आती कि लफ्जे फिरकापरस्ती की व्याख्या क्या होगी ? लफ्जे फिरकापरस्ती की तारीफ और मिनिंग क्या होगी ? लफ्जे फिरकापरस्ती की पहचान क्या होगी ? इसलिए मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि जहां तक मैंने समझा है फिरकापरस्ती को, फिरकापरस्ती यह नहीं है कि जिन लोगों का हक मारा गया हो उनके हक में आवाज उठाना फिरकापरस्ती है । यह फिरकापरस्ती हरगिज नहीं है । अलबत्ता जिन लोगों का हक मांगा जा रहा है उनका हक दिलवाते हुए दूसरी कौमों के हक को छीन लेना, जिस मजहब को माना जा रहा है उस मजहब को मानते हुए दूसरे मजहब के खिलाफ बोलना, यह जरूर फिरकापरस्ती हो सकती है । इसलिए लोगों को इंसानियत को फायदा पहुंचाने का ही नाम कौमी हकजहती और इंसानियत है और इंसानियत को अपनी खुदगर्जी के लिए फायदे से वंचित रखना और नुकसान की तरफ ले जाना, इसी का नाम फिरकापरस्ती है... (**व्यवधान**) । नहीं, साहब, सुनिये । बात मैं कह रहा हूं । मैं इन सब चक्करों में नहीं पड़ने वाला हूं । मैं अगर यह कहूं कि बी० जे० पी० वालों ने मस्जिद तोड़ा इन्होंने फिरकापरस्ती किया, चलिये ठीक है । मगर मस्जिद को बचाने का वायदा आपने किया था । आपने भी वहां मस्जिद को नहीं बचाया । तो क्या मैं आपको भी फिरकापरस्त कह दूं ? इसलिए मैं फिरकापरस्ती की बात सिर्फ मस्जिद को बचाने और मस्जिद को मिटाने की बुनियाद पर नहीं कह सकता ... (**व्यवधान**) । मैं किसी को नहीं बचा रहा हूं । ईमानदारी की भी बात सुनिये । हर वक्त पोलिटिकल बात कह कर काम नहीं चलेगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद सिब्ते रज़ी): मौलाना साहब, इख्तसार से काम लें ।

